हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, सोमवार 29 जून 2026

कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड

तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 26 डिग्री

11 राज्य स्तरीय स्पेशल कोर्स का जिले के 9 स्काउटर ...



12 विधानसभा में गूंजेगा 60 गांवों की बदहाली ...



2011 से संचालित
शंकराचार्य
स्वामी स्वरूपानंद कॉलेज ऑफ नर्सिंग, जुनवानी, भिलाई
B.c. NURSING
&
M.Sc. NURSING
प्रवेश के लिए संपर्क करें
मो.: 83193 47482
81030 45003
Website : ssscn.ac.in

# शहर से लेकर गांव तक मवेशियों का आतंक, किसान हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

एक बार फिर शहर से लेकर गांव तक मवेशियों का आतंक छाया हुआ है। खेतों में जहां ये मवेशी नर्सरी को नुकसान पहुंचा रहे हैं। वहीं शहर की सड़कों पर इनकी मस्त चाल से दुर्घटना का खतरा बना हुआ है। नगर निगम का मवेशी धरपकड़ अभियान भी फेल होता नजर आ रहा है।

चारा बचाने के लिए मवेशी मालिक अपने मवेशियों को खुले में छोड़ रहे हैं। ये मवेशी चारा की तलाश में पूरे शहर का चक्कर लगाते हैं। हाईवे से लेकर शहर के गली कूचों में इन मवेशियों का जमावड़ा लगा रहता है जिसके चलते सड़क पर चलना दूभर हो गया है। रात में तो खतरा और भी बढ़ जाता है। मवेशी डिवाइडर के पास ही बैठ जाते हैं। कार या अन्य वाहन की लाइट में कई बार ये मवेशी नजर नहीं आते हैं और लोग दुर्घटना का शिकार हो जाते हैं। कुछ संस्थानों ने मवेशियों को रिफ्लेक्टर पट्टी पहनाई है। इसके बाद भी बड़ी संख्या में मवेशी हैं, जिनके गले में ये पट्टी नहीं है। आवारा मवेशियों से सिर्फ राहगीर ही परेशान नहीं हैं, बल्कि किसान भी काफी परेशान हैं। रोका छेका अभियान फ्लाप होने के कारण मवेशी किसानों को काफी नुकसान पहुंचा रहे हैं। खरीफ फसल के लिए किसानों ने धान की नर्सरी डाल रखी है। मवेशी नर्सरी को नुकसान पहुंचा रहे हैं।

### खेतों में लगी नर्सरी को पहुंचा रहे नुकसान, शहर में दुर्घटना का खतरा

**गोठान हुआ खाली**

अर्जुनी स्थित गोठान को शहर से पकड़े गए मवेशियों का ठिकाना बनाया गया है, लेकिन ये गोठान खाली पड़े हैं। यहां बस स्टैंड निर्माण की सामग्रियों को रख गया है। इस गोठान में चारा की कमी है। कुछ साल पहले यहां चारा के रूप में नेपियर घास लगाई गई थी, अब इसका नामोंनिशान ही नहीं है। चारा काफी कम होने के कारण मवेशी धरपकड़ अभियान भी सुस्त है। काफी दिनों से नगर निगम द्वारा मवेशियों को पकड़ा भी नहीं गया है। यही कारण है कि शहर में बड़ी संख्या में मवेशी विचरण करते नजर आ रहे हैं।



**पूरे शहर में आतंक**

नेशनल हाईवे में बठेना नहर के पास, सेहराडबरी के पास रविवार को बड़ी संख्या में मवेशी सड़क पर घूमते मिले। ग्राम अर्जुनी, बाईपास, तेलिनसत्ती सहित शहर और आसपास के इलाकों में मवेशियों का आतंक छाया हुआ है। खेतों में मवेशी बिंदास अंजाद में विचरण करते मिले।

## खबर संक्षेप

### लिमतरा में आज भूमिपूजन कार्यक्रम

**धमतरी।** ग्राम लिमतरा में आज शासकीय माध्यमिक शाला के नवीन भवन निर्माण एवं परिक्षेत्रीय साहू भवन में कांक्रीटीकरण कार्य का भूमिपूजन विधायक ओंकार साहू द्वारा सुबह 11 बजे किया जाएगा। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों, ग्रामवासियों एवं समाज के पदाधिकारियों की उपस्थिति रहेगी।

### हितेश का अग्निवीर में चयन



**धमतरी।** ग्राम दरगहन निवासी हितेश कुमार निषाद पिता रिखीराम निषाद का भारतीय सेना में अग्निवीर में चयन हुआ है। चयन होने पर जिला निषाद समाज कोषाध्यक्ष शंभू निषाद, उपसंगठन सचिव मनराखन निषाद, संचालक फागूराम निषाद, डोंगेश्वर परिक्षेत्र अध्यक्ष प्रकाश निषाद, उपाध्यक्ष लखन निषाद, संरक्षक उमालाल निषाद, कोषाध्यक्ष संतोष निषाद, क्षेत्रीय सहप्रभारी खुमान निषाद, हेमू निषाद ने हर्ष जताया है।

### एकलव्य विद्यालय में लिसा का चयन



**मगरलोड।** शासकीय प्राथमिक शाला बोदलबाहरा में अध्ययनरत लिसा पिता पवन ध्रुव का चयन कक्षा छठवीं में एकलव्य आवासीय विद्यालय पथर्रीडीह के लिए हुआ है। लिसा कक्षा पांचवीं में 91 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कक्षा में प्रथम स्थान बनाने में सफल रही हैं। उनकी इस उपलब्धि पर प्रधानपाठक चन्द्रहास सिन्हा, शिक्षक अनिल कमार एवं उनके परिजनों सहित ग्रामीणों में हर्ष है।

### पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए आवेदन शुरू

**धमतरी।** भोपाल राव पवार शासकीय पॉलीटेक्निक कालेज धमतरी के प्राचार्य ने बताया कि संस्था में अध्ययनरत अजा, अजजा एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों के लिए समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना अंतर्गत वर्ष 2026-27 हेतु ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। पात्र विद्यार्थी 30 दिसंबर तक विभागीय पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

विलुप्तप्राय वन्यजीवों की सूची में हैं ये जंगली कुत्ते, पूरे देश में गिनती के ही

# टाइगर रिजर्व फारेस्ट में दुर्लभ जंगली कुत्तों का एक झुंड मिला

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

टाइगर रिजर्व क्षेत्र में चार जंगली कुत्तों का झुंड कैमरे में रिकार्ड हुआ है। ये जंगली कुत्ते भारत के सबसे आकर्षक एवं दुर्लभ मांसाहारी वन्यजीवों में से एक हैं। यह प्रजाति आईयूसीएन की रेड लिस्ट में संकटग्रस्त श्रेणी में सूचीबद्ध है। पूरे देश में इनकी संख्या करीब 2000 ही बची है।



अखिल भारतीय बाघ आकलन 2026 के दौरान उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व में लगाए गए ट्रैप कैमरे में चार ढोल (भारतीय जंगली कुत्तों) के एक झुंड की तस्वीरें एवं वीडियो रिकार्ड किए गए हैं। एक संगठित ढोल झुंड का इस प्रकार दर्ज होना रिजर्व की पारिस्थितिकी स्थिति में सुधार का संकेत दे रहा है। ढोल भारत के सबसे आकर्षक एवं दुर्लभ मांसाहारी वन्यजीवों में से एक हैं। यह प्रजाति वन पारिस्थितिकी तंत्र में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। वे चीतल, सांभर एवं जंगली सुअर जैसे शाकाहारी जीवों की आबादी को संतुलित बनाए रखते हैं, जिससे वनस्पतियों एवं प्राकृतिक पुनर्जनन को संरक्षण मिलता है। अपनी अद्भुत सामूहिक रणनीति, समन्वय और सहकारिता के कारण ढोल विश्व के सबसे कुशल समूह-शिकारी माने जाते हैं। बड़े एवं संगठित झुंड में वे बाघ जैसे बड़े परभक्षियों को चुनौती देने तथा दुर्लभ परिस्थितियों में उनका शिकार करने की क्षमता भी रखते हैं।

रिजर्व फारेस्ट के उपनिदेशक वरूण जैन ने बताया कि उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व में ढोल के इस झुंड का रिकॉर्ड होना रिजर्व प्रशासन द्वारा पिछले कुछ वर्षों में चलाए गए सघन संरक्षण एवं प्रबंधन प्रयासों का प्रत्यक्ष परिणाम है। उन्होंने बताया कि वन संरक्षण के लिए लगभग 956 हेक्टेयर वन भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया गया। 550 से अधिक वन्यजीव अपराधियों, शिकारियों एवं तस्करों की गिरफ्तारी की गई है। एंटी पोचिंग अभियान के तहत नियमित गश्त, कैमरा ट्रैप आधारित निगरानी, खुफिया सूचनाओं पर आधारित कार्रवाई तथा स्थानीय समुदायों की सक्रिय भागीदारी कर वन की सुरक्षा सुनिश्चित की गई है। इसके अतिरिक्त वन आवासों के संरक्षण एवं पुनर्जीवन के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

# मछली कारोबारी पर चाकू से किया ताबड़तोड़ हमला, मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

### नगरी-गरियाबंद मार्ग पर सनसनीखेज वारदात



नगरी-गरियाबंद मार्ग पर एक सनसनीखेज और दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। मछली व्यवसाय से जुड़े एक व्यक्ति पर अज्ञात हमलावरों ने जानलेवा हमला कर दिया। घटना के बाद क्षेत्र में भारी दहशत है।

मिली जानकारी के अनुसार विपलभ मंडल लगभग 55 वर्ष पिता मनोरंजन मंडल मूल निवासी कोलकाता पिछले लगभग 7-8 वर्षों से ग्राम बोईरगांव दर्रीपारा जिला गरियाबंद थाना मैनपुर में रह रहे थे। वे चुम्मन यादव पिता कार्तिक यादव के साथ नगरी में मछली व्यवसाय करते थे। इनका सिहावा रोड पर एमएम फिश नाम से दुकान संचालित होने की जानकारी सामने आई है। दोनों का रोजाना इसी मार्ग से आना-जाना होता था।

बताया जा रहा है कि शुक्रवार को दुकान बंद कर दोनों नगरी से वापस बोईरगांव लौट रहे थे। इसी दौरान गोरेगांव से लगभग 3 किलोमीटर आगे गरियाबंद रोड पर कुछ लोगों ने रास्ता रोक लिया। आरोप है कि हमलावरों ने पहले विपलभ मंडल के सिर पर लकड़ी से हमला किया, वहीं उनके साथी चुम्मन यादव की आंखों में मिर्च पाउडर फेंक दिया, जिससे वह जान बचाकर बोईरगांव की ओर भाग निकले। इधर हमलावरों ने विपलभ मंडल पर कथित रूप से चाकू जैसे धारदार हथियार से लगातार हमला किया। घटना की भयावहता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि शरीर पर कई गंभीर चोटों के निशान बताए जा रहे हैं।

ग्रामीणों के अनुसार यह मामला सुनियोजित लूटपाट या पुरानी रंजिश से जुड़ा हो सकता है, हालांकि वास्तविक कारणों का खुलासा जांच के बाद ही हो सकेगा। घटना की सूचना मिलते ही क्षेत्र में सनसनी फैल गई है और पुलिस मामले की जांच में जुट सकती है।

अगले चार दिनों तक वर्षा तेज होने की संभावना

# बारिश के लिए बनी अनुकूल परिस्थिति

**धमतरी।** सूखे की स्थिति से जूझ रहे अंचलवासियों के लिए राहत की खबर है। आज से अगले चार दिनों तक पूरे प्रदेश में वर्षा की गतिविधियों में वृद्धि होने की संभावना है। वहीं गरज-चमक के साथ तीव्र वज्रपात की संभावना बनी हुई है। नगरी तहसील को छोड़कर पूरा जिला मानसून की बेरूखी का शिकार है। बारिश के इंतजार में किसान आसमान ताक रहे हैं। इस बीच मौसम विज्ञान केंद्र से राहत भरी खबर है। 29 जून से अगले 4 दिनों तक पूरे प्रदेश में वर्षा गतिविधि तेज होने की संभावना है। अगले 2-3 दिनों में दक्षिण-पश्चिम मानसून के छत्तीसगढ़ के बाकी हिस्सों में आगे बढ़ने के लिए अनुकूल परिस्थिति बनी हुई है। सोमवार को पूरे प्रदेश के अनेक स्थानों में तीव्र वज्रपात होने की चेतावनी दी गई है।



**छत्तीसगढ़ के ऊपर द्रोणिका**

मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार चार आसमानी सिस्टम बने हुए हैं। एक द्रोणिका आंध्रप्रदेश के उत्तरी हिस्सो से छत्तीसगढ़ और मराठवाड़ा होते हुए मध्य महाराष्ट्र तक समुद्रतल से 4.8 किमी की ऊंचाई पर बना हुआ है। मध्यप्रदेश एवं उसके आसपास इलाको में समुद्रतल से 3.1 से 5.8 किमी की ऊंचाई के बीच ऊपरी हवा का चक्रवाती परिसंचरण बना हुआ है। एक द्रोणिका उत्तर-पूर्व मध्यप्रदेश से विदर्भ होते हुए तेलंगाना तक समुद्रतल से 0.9 किमी की ऊंचाई पर बनी हुई है। मौसमी द्रोणिका पंजाब से हरियाणा और उत्तरप्रदेश से होकर बिहार तक समुद्र तल पर बना हुआ है।

# नहर में गिरी नीलगाय, काफी मशक्कत के बाद बाहर निकली

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

### गंगरेल से भिलाई जाने वाली नहर की घटना



वन्यप्राणी नीलगाय के नहर में गिरने और काफी मशक्कत के बाद बाहर निकलने का वीडियो खूब वायरल हो रहा है। घटना गंगरेल वन परिक्षेत्र की है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार नीलगाय जंगल की ओर से विचरण करते हुए नहर किनारे पहुंची। संभवतः प्यासी होने के कारण वह पानी पीने नहर के पास भटक रही थी तभी उसका संतुलन बिगड़ा और नहर में गिर गई। नहर में गिरने के बाद वह लगातार बाहर निकलने का प्रयास कर रही थी। फिसलन और ऊंची दीवार में चढ़ने की मशक्कत करती रही। काफी देर तक संघर्ष करने के बाद नीलगाय को नहर का ऐसा हिस्सा मिला जहां से बाहर निकलने में उसने सफलता हासिल की और जंगल की ओर चली गई। नहर किनारे मौजूद लोगों ने नीलगाय के संघर्ष को अपने मोबाइल के कैमरे में कैद किया जिसका वीडियो जमकर वायरल हो रहा है।

**वन विभाग को तत्काल सूचित करें : डीएफओ**

डीएफओ श्रीकृष्ण जाधव ने कहा है कि यदि किसी वन्यजीव के घायल होने या आबादी क्षेत्र में पहुंचने की जानकारी मिले तो तुरंत वन विभाग को सूचित करें, ताकि समय रहत जंगली जीव की जान बचाई जा सके।

### शहर में पहुंचने लगी फार्म हाउस की महंगी सब्जियां



# हरी सब्जियां हुईं महंगी, रसोई का बजट बिगड़ने लगा

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

जून माह समाप्ति की ओर है, लेकिन जिले में अब तक अच्छी बारिश नहीं होने से हरी सब्जियों के दाम बढ़ने लगे हैं। स्थानीय बाड़ियों में पानी की कमी के कारण सब्जियों का उत्पादन प्रभावित हुआ है। इसके चलते बाजार में स्थानीय सब्जियों की आवक घट गई है और बाहर के फार्म हाउस से आने वाली सब्जियों पर निर्भरता बढ़ गई है। इसका सीधा असर कीमतों पर दिखाई दे रहा है। अधिकांश हरी सब्जियों के दाम में 10 से 20 रुपये प्रति किलो तक की बढ़ोतरी हो चुकी है, जिससे आम लोगों की रसोई का बजट प्रभावित होने लगा है।

रविवार को शहर के इतवारी बाजार में खरीदारी के लिए ग्राहकों की अच्छी भीड़ रही, लेकिन सब्जियों के बढ़े हुए दाम देखकर कई लोग जरूरत भर की ही खरीदारी करते नजर आए। गृहिणियों का कहना है कि सब्जियों के दाम और बढ़ने की आशंका है, जिससे घरेलू खर्च पर अतिरिक्त बोझ पड़ेगा। सब्जी विक्रेता गणेशाराम सोनकर ने बताया कि स्थानीय उत्पादन लगभग समाप्त होने की स्थिति में है और नई फसल आने तक बाहर से आने वाली सब्जियों पर ही बाजार निर्भर रहेगा। इसी कारण कीमत में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। बाजार में भटा और टमाटर 30 रुपये, गाजर 40 रुपये, कुंदरू 50 रुपये, करेला, ग्वारफली, तोरई और हरी मिर्च 60 रुपये, बरबटी, भिंडी, पत्ता गोभी, डोड़का, परवल और कटहल 40 रुपये, फूलगोभी 60 रुपये, मुनगा 80 रुपये, हरा धनिया 80 रुपये, मूली 30 रुपये तथा लौकी 10 रुपये प्रति किलो बिकी। शिमला मिर्च 60 रुपये और केला 40 रुपये प्रति किलो रहा।

किराना बाजार में भी आवश्यक वस्तुओं के दाम स्थिर बने रहे। आलू 15 से 20 रुपये, प्याज 30 से 35 रुपये, शक्कर 45 रुपये, गुड़ 55 रुपये, रिफाइंड तेल 140 रुपये, सरसों तेल 90 रुपये, अरहर दाल 120 रुपये, मूंग दाल 100 रुपये, मसूर दाल 90 रुपये, उड़द दाल 110 रुपये, चना दाल 80 रुपये, देसी चना 70 रुपये तथा अंडा 90 रुपये दर्जन के भाव से बिक रहा है। व्यापारियों का मानना है कि अच्छी बारिश होने और नई फसल बाजार में आने के बाद ही सब्जियों के दाम में राहत मिलने की संभावना है।

### जिले में दो परीक्षा केंद्र बनाए गए, प्रशासनिक व्यवस्थाएं चुस्त रहीं

# पीएटी एवं पीवीपीटी परीक्षा में 491 परीक्षार्थी हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

छत्तीसगढ़ व्यवसायिक परीक्षा मंडल द्वारा आयोजित प्री एग्रीकल्चर टेस्ट (पीएटी) एवं प्री वेटरिनरी पॉलिटेक्निक टेस्ट (पीवीपीटी) की परीक्षा रविवार को धमतरी जिले के दो परीक्षा केंद्रों में शांतिपूर्ण हुई। परीक्षा के दौरान सुरक्षा एवं प्रशासनिक व्यवस्थाएं पूरी तरह मुस्तैद रहीं, जिससे परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना नहीं करना पड़ा।





परीक्षा समन्वयक डॉ. वीके पाठक प्राचार्य शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय धमतरी ने बताया कि जिले में कुल दो परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। परीक्षा के लिए 672 अभ्यर्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 491 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए, जबकि 181 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। बीसीएस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय केंद्र में 343 पंजीकृत अभ्यर्थियों में से 208 ने परीक्षा दी और 135 अनुपस्थित रहे। वहीं नारायणराव मेघावाले शासकीय कन्या महाविद्यालय केंद्र में 329 पंजीकृत अभ्यर्थियों में से 283 परीक्षार्थी उपस्थित हुए तथा 46 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे।

परीक्षा देकर बाहर निकले प्रांजल जोशी, मयंक यदु, रूपाली साहू, सोनाली सोनी और चंचल साहू सहित अन्य परीक्षार्थियों ने बताया कि अधिकांश प्रश्न हायर सेकेंडरी स्तर के पाठ्यक्रम पर आधारित थे। सामान्य ज्ञान खंड में छत्तीसगढ़ और भारत से जुड़े प्रश्नों की संख्या अधिक रही। इसके अलावा कृषि एवं चिकित्सा विज्ञान से संबंधित प्रश्न भी पूछे गए। परीक्षार्थियों ने बताया कि प्रश्नपत्र संतुलित था और निर्धारित समय के भीतर आसानी से हल किया जा सका। परीक्षा शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न हुई।

अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई
ITI DAGANIA
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T.
New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• C.O.P.A.* (Computer) 1 Year (10th Pass)
अग्रसेन एजुकेशन केम्पस, ग्राम -डगनिया, दुर्ग-बलोद मेन रोड, तह. गुण्डरदेही, जिला-बालोद (छ.ग.)
89595-93937 • 89595-44444

## खबर संक्षेप



### बच्चों को पोलियो ड्राप पिलाया गया

**कोर्रा(भखारा)।** भखारा कोर्रा क्षेत्र में राष्ट्रव्यापी राज्यव्यापी पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान आयोजित किया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, उप स्वास्थ्य केंद्र, आंगनबाड़ी एवं पल्स पोलियो बूथ में शून्य से 5 वर्ष के बच्चों को ओरल पोलियो ड्रॉप (ओपीवी) की बूंदें पिलाई गई। स्वास्थ्य कार्यकर्ता, मितानिन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के माध्यम से आजीवन पोलियो से मुक्ति एवं सुरक्षा के लिए शून्य से लेकर 5 वर्ष के बच्चों को टीकाकरण कर राष्ट्रियव्यापी पोलियो मुक्त अभियान को पूरा किया जा रहा है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गुजरा में सुबह 8 बजे सरपंच दुर्गेश्वरी साहू, ग्राम विकास समिति के सचिव सुनील तिवारी, मितानिन सुनीति साहू, इंद्राणी साहू, अनीता साहू, मोनिका साहू , संजू साहू, डॉ रामेश्वर साहू के माध्यम से पल्स पोलियो अभियान की शुरुआत की गई। गांव में मुनादी कराकर बच्चों को पोलियो ड्राप पिलाने के लिए आग्रह किया गया।

# आजीविका डबरी से बदल रही 'ग्रामीण आजीविका' की तस्वीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ बनाने, किसानों की आय में वृद्धि करने तथा महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में जिले में मनरेगा योजना अंतर्गत निर्मित आजीविका डबरी अब बहुआयामी आजीविका का प्रभावी माध्यम बन रही है। मनरेगा के माध्यम से तैयार जल संरचनाओं को जल निधि परियोजना से जोड़कर मत्स्य पालन को प्रोत्साहित किया जा रहा है, जिससे ग्रामीण परिवारों को अतिरिक्त एवं स्थायी आय के अवसर उपलब्ध हो रहे हैं।

इसी क्रम में कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने नगरी विकासखंड के ग्राम बोथापारा एवं चनागांव का सघन भ्रमण कर आजीविका डबरियों का निरीक्षण किया। उन्होंने हितग्राही किसानों एवं महिला मत्स्य पालकों से सीधे संवाद कर योजनाओं के क्रियान्वयन, आय में हुए परिवर्तन तथा भविष्य की संभावनाओं की जानकारी ली। कलेक्टर ग्राम चनागांव के प्रगतिशील किसान श्री नारायण सिंह नेताम के खेत पहुंचे। यहां उन्होंने स्वयं डबरी के पानी की गुणवत्ता की जांच कराई तथा मत्स्य पालन की व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। श्री नेताम ने बताया कि लगभग पांच एकड़ कृषि भूमि में उन्होंने दो आजीविका डबरियां विकसित की हैं तथा मत्स्य पालन के साथ आम की बागवानी को भी अपनाया है। इस समन्वित कृषि मॉडल से उन्हें वर्षभर अतिरिक्त एवं स्थायी आय प्राप्त हो रही है।

## कलेक्टर ने बोथापारा और चनागांव का किया निरीक्षण

### मत्स्य पालन को बढ़ावा देने एबिस कंपनी के साथ समन्वय

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने बताया कि जल निधि परियोजना अंतर्गत मनरेगा से निर्मित डबरियों में वैज्ञानिक तरीके से मत्स्य पालन को बढ़ावा देने के लिए एबिस कंपनी के साथ समन्वय स्थापित किया गया है। सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत कंपनी द्वारा हितग्राही मत्स्य पालकों को मछली दाना क्रय पर 25 प्रतिशत की विशेष छूट प्रदान की जा रही है, जिससे उत्पादन लागत में कमी और लाभांश में वृद्धि हो रही है।



### महिला सशक्तिकरण और किसानों की आय पर जोर

भ्रमण के दौरान कलेक्टर श्री मिश्रा ग्राम बोथापारा की महिला मत्स्य पालक श्रीमती सावित्री दर्रो के खेत पहुंचे। उन्होंने डबरी निर्माण, मत्स्य पालन की प्रक्रिया तथा उससे प्राप्त आय के संबंध में जानकारी ली। श्रीमती दर्रो ने बताया कि उनके पास लगभग सात एकड़ कृषि भूमि है, जिसमें वे पारंपरिक रूप से धान की खेती करती हैं। इसके अतिरिक्त उनकी दो आजीविका डबरियों में कतला, रोहू एवं मृगल प्रजाति की मछलियों का पालन किया जा रहा है।

## शहर में नपा अध्यक्ष ज्योति और ग्रामीण क्षेत्र में जपं अध्यक्ष गीतेश्वरी ने किया शुभारंभ





# दो बूंद जिंदगी की : कुरुद क्षेत्र में बच्चों को पिलाई गई पल्स पोलियो की खुराक

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

बच्चों को पोलियो मुक्त और स्वस्थ भविष्य देने के उद्देश्य से रविवार को कुरूद क्षेत्र में पल्स पोलियो अभियान की शुरुआत हुई। नगर क्षेत्र में नगर पालिका अध्यक्ष ज्योति चंद्राकर ने कुरूद सिविल अस्पताल में बच्चों को पोलियो की दो बूंद खुराक पिलाकर अभियान का शुभारंभ किया, वहीं ग्रामीण अंचल में जनपद अध्यक्ष गीतेश्वरी साहू ने अपने गृहग्राम जोरातराई (सि) के आंगनबाड़ी केंद्र पहुंचकर बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई।

इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष ज्योति चंद्राकर ने कहा कि पल्स पोलियो अभियान बच्चों के सुरक्षित और स्वस्थ भविष्य के लिए बेहद महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे अपने बच्चों को निर्धारित केंद्रों में ले जाकर पोलियो की खुराक जरूर दिलाएं। स्वास्थ्य विभाग द्वारा नगर और ग्रामीण क्षेत्रों में बनाए गए केंद्रों पर बच्चों को पोलियो की खुराक दी जा रही है।

वहीं जनपद अध्यक्ष गीतेश्वरी साहू ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार के स्वास्थ्य विभाग के निरंतर प्रयास से देश पोलियो उन्मूलन की दिशा में आगे बढ़ रहा है। इस अभियान की सफलता के लिए जनभागीदारी सबसे जरूरी है। जनप्रतिनिधियों ने नागरिकों से अभियान में सहयोग कर आने वाली पीढ़ी को स्वस्थ बनाने में अपनी भागीदारी निभाने की अपील की।

कार्यक्रम में एल्डरमैन एवं विधायक प्रतिनिधि भानू चंद्राकर, बीएमओ हेमराज देवांगन, बीपीएम रोहित पांडे, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता देहुति साहू, सहायिका पुष्पा विश्वकर्मा, मितानिनें सहित स्वास्थ्य विभाग का अमला मौजूद

## अंचल की खबरें

### बांधा स्कूल में मना शाला प्रवेशोत्सव



**नगरी।** शासकीय प्राथमिक शाला एवं माध्यमिक शाला बांधा में नवप्रवेशी बच्चों का स्वागत कर शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर बांधा सरपंच रमेश मंडावी, ग्राम पटेल नरसिंह मरकाम, बालाराम मंडावी, पर्वत कुंजाम, जलसिंह कुंजाम, गेंदलाल मंडावी, मिलऊराम मरकाम, संकुल प्राचार्य केपी अग्रवाणी, व्याख्याता मन्नूलाल सोन एवं ग्रामवासियों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में नवप्रवेशी बच्चों का मुकुट पहनाकर एवं मुंह मीठाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में प्राथमिक शाला बांधा की प्रधानपाठक जितेश्वरी साहू, शिक्षक विपिन वैष्णव, खेमबाई साहू, डाली ध्रुव का विशेष योगदान रहा। आभार प्रदर्शन प्रपा धनंजय साहू ने किया।

### बच्चों को तिलक लगाकर मिठाई खिलाई गई



**अंवरी।** ग्राम अंवरी के हाईस्कूल एवं माध्यमिक स्कूल में प्रवेश उत्सव मनाया गया। बच्चों को तिलक लगाकर मिठाई खिलाई गई। पुस्तकें एवं गणवेश बांटा गया। हाईस्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष फलेन्द्र ध्रुव एवं उपाध्यक्ष पवन यादव बनाए गए। कार्यकारिणी भी गठित हुई। मौके पर लेखराम साहू, बलराम ध्रुव, बिसाहूराम साहू, चिंताराम, कुलंजनसिंह ठाकुर, सुनील, रतनी साहू, मोतिन यादव, प्राचार्य एनके मेश्राम, पीएन साहू, आईआर साहू, एलके यादव, पी.सिन्हा, केएल घोघरे, वी. चन्द्राकर, एस. टंडन, बीपी जोशी, डीके कुर्रे, लक्ष्मीकांत साहू, एसके पटेल एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### भालूझूलन में शाला प्रबंधन समिति गठित



**डांडेसरा(धमतरी)।** शासकीय प्राथमिक शाला भालूझूलन में शाला प्रबंधन समिति का गठन किया गया। सर्व सहमति से शाला प्रबंध समिति के अध्यक्ष रूपसिंह कंवर, उपाध्यक्ष भगवती यादव, जनप्रतिनिधि चेतन पटेल, शिक्षाविद प्रमिला कंवर, सचिव प्रधानपाठक अर्चना चंद्राकर चुने गए। सदस्यों में ढालसिंग कंवर, किशन कंवर, लोकनाथ यादव, ओमप्रकाश कंवर, मंगलूराम ध्रुव, बिंदेश्वरी साहू, टुकेश्वरी साहू, कविता यादव, दुलेश पटेल, सुमन कंवर शामिल हैं। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक द्वारिका देवांगन, टंकेश्वर भार्गव द्वारा किया गया।

### विद्यार्थियों को निःशुल्क गणवेश व पुस्तकें मिलीं



**नगरी।** प्राथमिक शाला एवं आश्रम माध्यमिक शाला दुगली में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं का गुलाल लगाकर और मुंह मीठा कराकर विद्यालय में स्वागत किया गया। कार्यक्रम के अतिथि भाजपा अजजा मोर्चा धमतरी के महामंत्री श्यामाचरण मंडावी ने कहा कि शासन द्वारा बच्चों की शिक्षा के लिए हर संभव सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है। विद्यार्थियों को निःशुल्क गणवेश, पुस्तकें जैसी सुविधाएं दी जा रही हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से नियमित रूप में विद्यालय आने और पढ़ाई पर विशेष ध्यान देने का आह्वान किया। कार्यक्रम में शाला विकास समिति अध्यक्ष राजेश मरकाम, भाजपा मंडल कुकरेल मीडिया प्रभारी वरुणदेव नेताम, प्रधानपाठक राकेश्वरी कोसमा, छात्रावास अधीक्षक गजेंद्र साहू, शिक्षक हीरालाल कंवर, शशि कश्यप, स्कूल कर्मचारी सरताज खान, मनहरण डोंगरे, भावसिंह मरकाम, हुमन नेताम, बद्रीनारायण पटेल उपस्थित थे।

# कोसमर्रा ग्रामसभा में विकास का नया अध्याय

- 506 आवासों की स्वीकृति से ग्रामीणों में खुशी की लहर
- पारदर्शी कार्यशैली और जनभागीदारी से ग्राम पंचायत ने पेश की मिसाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶कोर्रा(भखारा)

ग्राम पंचायत कोसमर्रा में आयोजित ग्रामसभा विकास और जनहित से जुड़े ऐतिहासिक निर्णयों के कारण चर्चा का केंद्र रही। बड़ी संख्या में ग्रामीणों की मौजूदगी में आयोजित इस बैठक में आवास, स्वच्छता, पेयजल, नशामुक्ति और ग्राम विकास से जुड़े कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किए गए। ग्रामीणों ने पंचायत की कार्यशैली की खुलकर सराहना करते हुए इसे गांव के विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।

ग्रामसभा का सबसे प्रमुख आकर्षण आवास प्लस 2.0 योजना रही। सरपंच डॉ. कुलेश्वर साहू एवं पंचायत टीम द्वारा किए गए जमीनी सर्वे के आधार पर कुल 506 पात्र परिवारों के आवासों को ग्रामसभा में सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की गई। बिना किसी भेदभाव और पूरी पारदर्शिता के साथ हुई इस स्वीकृति से गांव में उत्साह का माहौल है।

### नशामुक्ति, स्वच्छता और जनहित के कई अहम प्रस्ताव

बैठक में नल-जल योजना के मासिक शुल्क में 50 प्रतिशत कटौती का प्रस्ताव भी रखा गया, जिस पर सभी ग्रामीणों ने सहमति जताई। इस विषय पर आगामी पंचायत बैठक में अंतिम निर्णय लिया जाएगा। वहीं महिला कमांडो और ग्राम विकास समिति के आवेदन पर अवैध शराब की बिक्री रोकने तथा गांव को नशामुक्त बनाने के लिए सख्त कार्रवाई का निर्णय लिया गया।

### नियमों का उल्लंघन करने वालों पर लगेगा 500 अर्थदंड

बाजार स्थल की स्वच्छता बनाए रखने और अतिक्रमण रोकने के लिए नियमों का उल्लंघन करने वालों पर 500 रुपये अर्थदंड लगाने का प्रस्ताव भी पारित हुआ। इसके साथ ही सरपंच डॉ. कुलेश्वर साहू ने पर्यावरण मित्र, सर्वश्रेष्ठ पंच, सर्वश्रेष्ठ मेट एवं नशामुक्ति अभियान में उत्कृष्ट योगदान देने वाले प्रत्येक क्षेत्र के दो व्यक्तियों को 1100 रुपये नकद, मोमेंटो और ग्राम गौरव सम्मान से सम्मानित करने की घोषणा की। ग्रामीणों ने सरपंच डॉ. कुलेश्वर साहू के नेतृत्व में हो रहे विकास कार्यों की सराहना करते हुए कोसमर्रा को आदर्श एवं आत्मनिर्भर ग्राम बनाने के संकल्प का समर्थन किया।

# विद्यार्थियों को बताया, समय प्रबंधन का महत्व

- करगा के शाला प्रवेश उत्सव में उपाध्यक्ष ने शत-प्रतिशत परीक्षा परिणाम की सराहना की

हरिभूमि न्यूज ▶▶जीजामगांव



शाउमावि करगा में शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। कक्षा छठवीं एवं नवमी के विद्यार्थियों को निःशुल्क पाठ्यपुस्तक, गणवेश का वितरण किया गया। तिलक लगाकर व मिठाई खिलाकर छात्रों का स्वागत किया गया।

विशेष अतिथि प्रदीप सिंह थाना प्रभारी बिरेझर ने विद्यार्थियों को समय का प्रबंधन करने, कक्षा 9वीं से ही अपने लक्ष्य का निर्धारण करने के टिप्स दिए। माता-पिता को प्रणाम करके कार्यों की शुरुआत करने कहा। साइबर सुरक्षा की जानकारी दी। मुख्य अतिथि गौकरण साहू उपाध्यक्ष जिपं ने विगत वर्ष के शत-प्रतिशत परीक्षा परिणाम की सराहना की। मुख्य अतिथि ने बच्चों को भारतीय संस्कृति का अनुसरण करने , पर्यावरण के प्रति समर्पण का भाव जागृत करने , मोबाइल से दूर रहने व लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ने का आशीर्वाद दिया।

विशेष अतिथि नारायणलाल साहू, समाजसेवी तुम्मनचंद साहू ने प्रथम, द्वितीय प्राप्त विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया। छात्र-छात्राओं को विद्यार्थियों में बचत को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से गुल्लक भेंट किया गया। एसएमडीसी अध्यक्ष भूपेंद्र साहू ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम में सावित्री साहू सरपंच, चुनेश्वर साहू उपसरपंच, रामप्रकाश साहू सरपंच हथबंद, नूतन पटेल, हेमंत साहू, धनेश पटेल, छवि साहू, मोहनी साहू, गणेश्वर साहू समेत अन्य उपस्थित थे। प्राचार्य बालमुकुंद यदु ने आभार प्रकट किया।

## नपं अध्यक्ष ने बच्चों को पिलाई पोलियो की खुराक



हरिभूमि न्यूज ▶▶अंवरी

नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती ज्योति जैन ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भखारा एवं आंगनबाड़ी क्रमांक-1 में बच्चों को पोलियो की दो बूंद पिलाकर अभियान का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर माताओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। बड़ी संख्या में माताएं अपने नन्हे बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं आंगनवाड़ी पहुंचीं। नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती जैन ने कहा कि पोलियो जैसी गंभीर बीमारी से बच्चों की सुरक्षा के लिए प्रत्येक अभिभावक का दायित्व है कि वह अपने पांच वर्ष तक के सभी बच्चों को समय पर पोलियो की खुराक अवश्य पिलाएं। इस अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉ. गौरव बंगानी सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे।

## स्वस्थ एवं सुखद समाज के निर्माण का दिया संदेश




- घुरावड़ में नशामुक्ति अभियान के तहत जागरुकता रैली निकली

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

ग्राम पंचायत घुरावड़ में नशामुक्ति अभियान अंतर्गत जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्कूली बच्चों, महिलाओं एवं ग्रामीणों ने जागरूकता रैली निकालकर नशे से दूर रहने तथा स्वस्थ एवं सुखद समाज के निर्माण का संदेश दिया। प्रतिभागियों ने नशे के दुष्परिणामों से लोगों को अवगत कराया और युवाओं से नशे की लत से दूर रहकर शिक्षा, स्वास्थ्य एवं सामाजिक विकास की दिशा में आगे बढ़ने की अपील की। कार्यक्रम में जनपद सदस्य मौसमी मंडावी, सरपंच महेश नेताम, उपसरपंच ईश्वर नेताम, ग्राम पटेल रतनलाल कोर्राम, पंच शिवचरण मरकाम, इतवारीराम नेताम, बृजलाल नेताम, कोटवार सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

## घुरावड़ में शालास्तरीय शाला प्रवेशोत्सव



हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

शाउमावि घुरावड़ में शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन गुरुवार को किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य नवप्रवेशी विद्यार्थियों का आत्मीय स्वागत कर उनमें शिक्षा के प्रति रुचि एवं नियमित अध्ययन की भावना विकसित करना था। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जनपद सदस्य मौसमी मंडावी थीं। अध्यक्षता संस्था प्रमुख डीके बनर्जी ने की। अतिथियों ने नवप्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर एवं पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया। निःशुल्क पाठ्यपुस्तकों का वितरण किया। जनपद सदस्य मंडवी ने विद्यार्थियों को पेन भेंट किया। विद्यालय परिवार एवं अतिथियों ने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय आने और मन लगाकर पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में सरपंच महेश मरकाम, उपसरपंच ईश्वर मंडावी, बिदेराम नेताम, तिलकराम नेताम, ईश्वरी नेताम, शिक्षक-शिक्षिकाएं, पालकगण एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय परिवार ने किया।

## छग सहकारी समिति कर्मचारी संघ एवं ऑपरेटर महासंघ की महाबैठक

# धरना-प्रदर्शन और विधानसभा घेराव की बनी रूपरेखा

हरिभूमि न्यूज ▶▶पुरी

छत्तीसगढ़ सहकारी समिति कर्मचारी संघ रायपुर एवं समर्थन धान खरीदी कंप्यूटर ऑपरेटर महासंघ रायपुर की प्रदेश कार्यकारिणी की महाबैठक नया रायपुर में हुई। बैठक में प्रदेश के सभी 33 जिलों से पदाधिकारी शामिल हुए। नरेंद्र साहू प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि इस दौरान चार सूत्रीय लंबित मांगों के समाधान को लेकर व्यापक चर्चा हुई। निर्णय लिया गया कि सभी जिलों में बैठकों के माध्यम से फोटो सहित लिखित सहमति पत्र एवं आर्थिक सहयोग एकत्र कर सोमवार तक महासंघ को भेजा जाएगा। यदि जिलों से पर्याप्त समर्थन मिलता है तो विधानसभा घेराव का बड़ा आंदोलन किया जाएगा।



बैठक में यह भी तय किया गया कि 13 से 17 जुलाई तक मानसून सत्र के दौरान नया रायपुर स्थित तुता धरना स्थल पर हजारों कर्मचारी अपने परिवार सहित धरना देंगे और विधानसभा घेराव करेंगे। मांगों में लंबित चार सूत्रीय मांगों के साथ-साथ विभागीय भर्ती, संवैतनिक बहाली एवं आंदोलन के दौरान की गई कार्रवाई को शून्य करने की मांग शामिल है। पदाधिकारियों ने बताया कि लगभग 10 से 15 हजार कर्मचारी शामिल हो सकते हैं। बैठक के बाद पंजीयक कार्यालय में मांग पत्र भी सौंपा गया। अपेक्स बैंक अध्यक्ष एवं अन्य अधिकारियों से हुई चर्चा में सकारात्मक संकेत मिलने की बात कही गई, हालांकि अंतिम निर्णय सरकार की कार्रवाई पर निर्भर करेगा।

Pride of Dhamtari

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा
Multi Para Monitors / Bubble CPAP
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था
♦ State of the art NICU including care for Preterm, Term
♦ वातानुकुलित बच्चों का वार्ड
♦ Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
♦ प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
♦ 24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)
मो. 9981321524 / 7223011528



विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरुद - 98268-82770, नगरी -75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201

# 4.70 करोड़ की सेग्रीगेशन मशीन करेगी कचरे की छंटाई, ट्रेंचिंग ग्राउंड पर घटेगा दबाव

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

करीब 1.30 लाख की आबादी वाले धमतरी शहर में प्रतिदिन बड़ी मात्रा में निकलने वाले कचरे का निपटान नगर निगम के लिए सबसे बड़ी चुनौतियों में शामिल है। शहर से रोज लगभग 22.84 टन कचरा निकल रहा है, जिसमें करीब 16.94 टन गीला तथा 5.90 टन सूखा कचरा शामिल है। निगम प्रशासन अब इस समस्या के स्थायी समाधान की दिशा में नई व्यवस्था लागू करने जा रहा है। इसके तहत शहर के सभी 8 मणिकंचन केंद्रों के साथ 2 नए केंद्र स्थापित किए जाएंगे, जिससे कचरे की छंटाई ट्रेंचिंग ग्राउंड पहुंचने से पहले ही की जा सकेगी।

नगर निगम के अनुसार एक नया मणिकंचन केंद्र कर्मचारी भवन के पास खय्या क्षेत्र में बनाया जा रहा है, जबकि दूसरा सोरिद ट्रेंचिंग ग्राउंड में विकसित किया जाएगा। यहां करीब 4.70 करोड़ रुपए की लागत से आधुनिक सेग्रीगेशन मशीन स्थापित होगी, जो गीले और सूखे कचरे को अलग-अलग करेगी। इससे ट्रेंचिंग ग्राउंड पर सीधे पहुंचने वाले मिश्रित कचरे की मात्रा में कमी आएगी और कचरा प्रबंधन अधिक व्यवस्थित होगा।

नगर निगम पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए कचरे के वर्गीकरण की प्रक्रिया को और प्रभावी बनाने की दिशा में भी काम कर रहा है। इसके लिए करीब 2.50 करोड़ रुपए की लागत से टेंडर जारी करने की तैयारी है। प्रस्ताव के अनुसार अगले पांच वर्षों तक एक एजेंसी कचरे की छंटाई और प्रबंधन का कार्य संभालेगी।

## कचरा प्रबंधन को मिलेगी नई रफ्तार, 10 मणिकंचन केंद्रों से होगा वैज्ञानिक निपटान



### 10 मणिकंचन केंद्रों का निर्माण

सोरिद ट्रेंचिंग ग्राउंड में लंबे समय से कई टन कचरे के कारण निगम को लगातार चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। यहां एक महीने से कचरे में लगी आग और उससे निकल रहे धुएं ने आसपास के लोगों की परेशानी भी बढ़ाई है। ऐसे हालात दोबारा न बने इसके लिए नगर निगम अब कचरे के वैज्ञानिक प्रबंधन पर विशेष ध्यान दे रहा है। स्वास्थ्य अधिकारी कमलेश ठाकुर ने बताया कि मणिकंचन केंद्रों में सेग्रीगेशन मशीनें लगने के बाद गीले और सूखे कचरे को अलग-अलग किया जाएगा। प्लास्टिक, झिल्ली और पॉलीथिन जैसे सूखे कचरे को अलग रखने के बाद गीले कचरे को ट्रेंचिंग ग्राउंड भेजा जाएगा, जहां उससे जैविक खाद तैयार की जाएगी। इस खाद का उपयोग कृषि कार्यों के लिए किया जाएगा तथा किसानों को उपलब्ध कराया जाएगा।

## खबर संक्षेप



### अग्निवीर केमेंद्र का ग्रामीणों ने किया सम्मान

**आमदी।** नगर पंचायत आमदी निवासी केमेंद्र कुमार साहू पिता एमन साहू का अग्निवीर में चयन होने एवं जॉइनिंग के लिए रवाना होने के पूर्व नगरवासियों द्वारा फूलमाला पहनाकर, श्रीफल और शाल भेंटकर सम्मान किया गया। केमेंद्र ने बताया कि उन्हें देश सेवा करने का बचपन से एक जज्बा और जुनून था। आज कड़ी मेहनत और लगन से मैं अपने मुकाम तक पहुंचा हूं। पिता एमन साहू का कहना है कि केमेंद्र का पढ़ाई जीवन से ही देश की सेवा करने का सपना था। मौके पर विधायक ओंकार साहू, नगर अध्यक्ष ज्योति साहू, पद्मनी साहू, मनबोध साहू, कविता साहू, अनीता ध्रुव समेत बड़ी संख्या में नगरवासी मौजूद रहे।

### सरगी हायर सेकेंडरी स्कूल में मना प्रवेशोत्सव

**मगरलोड।** शाउमावि सरगी में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। कक्षा 9वीं के नवप्रवेशित विद्यार्थियों को गुलाल लगाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खूबलाल साहू अध्यक्ष एसएमडीसी रहे। नवप्रवेशित विद्यार्थियों को शासन द्वारा प्रदत्त निःशुल्क पाठ्य पुस्तक का वितरण किया गया। अध्यक्ष खूबलाल साहू ने बच्चों को अनुशासन में रहकर और विद्यालय के नियमों का पालन करने का प्रेरित किया। संस्था प्रमुख के. कंवर ने निरंतर अध्ययन एवं लक्ष्य निर्धारण कर शिक्षा ग्रहण करने पर जोर दिया गया। इस अवसर पर हरिविनायक सिन्हा सरपंच सरगी, भानसिंह ध्रुव, इंद्रमण, कुंती साहू, रीतू साहू, टेकराम साहू, भेखूराम साहू, शिक्षक एमके अडिल, के. गंगासागर, जीके देवांगन, जीएस कश्यप, लता ध्रुव, उमा ध्रुव, आरएल निषाद, निर्मला आजाद, माधुरी वर्मा, दीपक वर्मा, पिंकी मरकाम उपस्थित थे।

## स्काउटिंग के गुर, योग और फर्स्ट एड का मिला विशेष प्रशिक्षण

# राज्य स्तरीय स्पेशल कोर्स का जिले के 9 स्काउटर-गाइडर ने लिया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद



विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास तथा राज्य पुरस्कार एवं राष्ट्रपति पुरस्कार में स्काउट-गाइड की अधिकतम सहभागिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से भारत स्काउट्स एवं गाइड्स राज्य मुख्यालय रायपुर द्वारा आयोजित राज्यस्तरीय पांच दिवसीय स्पेशल कोर्स में जिले के 9 स्काउटर-गाइडर ने सहभागिता की।

राज्य प्रशिक्षण केंद्र झांकी अभनपुर में आयोजित इस प्रशिक्षण शिविर में प्राथमिक फर्स्ट एड, ट्रेनिंग काउंसलर, बैज इंस्ट्रक्टर्स, परीक्षक एवं योग इंस्ट्रक्टर्स जैसे विषयों पर प्रतिभागियों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण का आयोजन स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव के मार्गदर्शन और राज्य मुख्य आयुक्त इंद्रजीत सिंह खालसा के निर्देशन में किया गया।

शिविर में राज्य के 73 स्काउटर-गाइडर्स को ध्वज शिष्टाचार, टोली विधि, टेंट निर्माण, पायनियरिंग प्रोजेक्ट, गैजेट्स निर्माण, ड्यूटी चेंज, रोटा चार्ट, शिविर ज्वाल कार्यक्रम, टर्न आउट सहित स्काउटिंग की विभिन्न तकनीकों का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया।

विश्व योग दिवस के अवसर पर योग प्रोटोकॉल, सूर्य नमस्कार, आसन एवं प्राणायाम का सामूहिक अभ्यास कराया गया। योग प्रशिक्षकों ने प्राकृतिक चिकित्सा की विभिन्न विधियों की जानकारी भी दी। शिविर में राष्ट्रीय मुख्यालय आयुक्त जी. स्वामी एवं जिला मुख्य आयुक्त राजीव चक्रवर्ती सहित अन्य पदाधिकारियों ने पहुंचकर प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। सफल प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। डीओसी हीना भेसले ने बताया कि प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य स्काउटर-गाइडर्स के कौशल को निखारना और वयस्क विकासात्मक प्रशिक्षण प्रदान करना है।

धमतरी जिले से स्काउटर दुर्गेश द्विवेदी, अमित कंवर, टिकेश्वर यादव, चोवालाल धीवर तथा गाइडर डीओसी हिना भेसले, डोलेश्वरी साहू, दीपमाला साहू, योगिता कंवर और राधिका नेताम ने प्रशिक्षण प्राप्त किया।

# मां अंगारमोती परिसर एवं ट्रस्ट के संबंध में भ्रम फैलाने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



गोंड समाज ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर शासकीय सेवक पर कार्रवाई की मांग की

बीते दिनों आदिवासी ध्रुव गोंड समाज महिला प्रभाग एवं आदिवासी ध्रुव गोंड समाज ने भोपालराव पवार पॉलीटेक्निक कॉलेज रुद्री में कुशल निर्देशक लैब के पद पर पदस्थ आरएन ध्रुव के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग करते हुए कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। समाज ने उन पर सोशल मीडिया के माध्यम से आदिशक्ति मां अंगारमोती परिसर एवं ट्रस्ट के संबंध में कथित रूप से भ्रम फैलाने, समाज की धार्मिक आस्था को ठेस पहुंचाने तथा शासकीय सेवा आचरण नियमों के उल्लंघन के आरोप लगाए हैं।

महिला प्रभाग का कहना है कि इस प्रकार का पोस्ट सामाजिक सौहार्द्र को बिगाड़ने वाला कृत्य है। इसके अलावा मुख्यमंत्री एवं मंत्रियों तथा आयोग के अध्यक्ष व उच्च अधिकारियों के सामने मां अंगारमोती परिसर के विकास कार्यों को लेकर गलत ढंग से दुष्प्रचार किया जाता है। विधानसभा सत्र में भी आदिशक्ति मां अंगारमोती की आस्था एवं ट्रस्ट के खिलाफ विधायक व्दय तुलेश्वर सिंह मरकाम एवं नीलकंठ टेकाम के माध्यम से ध्यानार्षण सूचना लगवाया गया था। उन्होंने बताया कि आरएन ध्रुव मूल रूप से गोंडखपरी जिला बलौदाबाजार के रहने वाले हैं और वह भोपालराव पवार पॉलीटेक्निक कॉलेज का कर्मचारी है। महिला प्रभाग ने आरोप लगाया कि शासकीय सेवक होने के बावजूद वह आए दिन मंत्रियों और नेताओं के पास जाकर समाज प्रमुखों की झूठी शिकायतें करता है। गोंड समाज के सलाहकार डॉ. एआर ठाकुर ने बताया कि जिले में लगभग 1,80,000 गोंड समाज के लोग निवास करते हैं। सन 2000 में जिला गोंड समाज व्दारा आदिशक्ति मां अंगारमोती ट्रस्ट का गठन किया गया है तब से समाज की पूजा पद्धति रूढ़िजन्य परंपरा, मन्नत पूजा है लेकिन पूजा पद्धति को भी ध्रुव व्दारा गलत ढंग से प्रचारित किया जाता है। इससे गोंड समाज में आक्रोश है। महिला प्रभाग ने चेतावनी दी है कि यदि 15 दिनों के भीतर कार्रवाई नहीं की गई तो समाज आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा। ज्ञापन देने वालों में डॉ.एआर ठाकुर, श्यामलाल नेताम, महेश रावटे, गीता नेताम, नंदा नेताम, चमेली नेताम, भूमिका कोर्राम, रमी गौतम, प्रेमलता नेताम शामिल हैं।

### मेरी छवि खराब करने की कोशिश की जा रही : ध्रुव



आरएन ध्रुव ने अपने खिलाफ लगे सभी आरोपों को पूरी तरह निराधार और साजिश का हिस्सा बताया है। उन्होंने कहा कि कुछ लोग दुर्भावनावश उनकी छवि खराब करने के उद्देश्य से गलत बातें फैला रहे हैं। श्री ध्रुव ने स्पष्ट किया कि उन्होंने कभी किसी व्यक्ति या किसी देवी-देवता के खिलाफ अपशब्दों का प्रयोग नहीं किया। उन्होंने कहा कि मां अंगार मोती उनकी भी आराध्य देवी हैं और वे स्वयं श्रद्धापूर्वक उनकी सेवा एवं पूजा-अर्चना करते हैं। ऐसे में उनके खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने का प्रश्न ही नहीं उठता।
उन्होंने कहा कि उनके विरुद्ध जानबूझकर भ्रम फैलाने और दुष्प्रचार करने का प्रयास किया जा रहा है। इन आरोपों में किसी प्रकार की सत्यता नहीं है।

## निधन

### राकेश छाजेड़



**धमतरी।** धमतरी निवासी राकेश छाजेड़ का 28 जून को आकस्मिक निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा शाम 4 बजे निवास स्थान से निकली। वे अपने पीछे भरा- पूरा परिवार छोड़ गए। उनके निधन पर विजय छाजेड़, रोशन छाजेड़, मिहिर छाजेड़ ने शोक व्यक्त किया है।

### गिरधारीधर दीवान



**धमतरी।** ग्राम संबलपुर निवासी गिरधारीधर दीवान उम्र 54 वर्ष का आकस्मिक निधन शनिवार रात को हो गया। वे रूपेशधर दीवान/रुद्र के पिता थे। वे धमतरी स्थित मठमंदिर चौक के शिवमंदिर में पुजारी थे। रविवार को उनके गृहग्राम संबलपुर में अंतिम यात्रा निकाली गई जिसमें परिजन, स्वजन एवं वार्डवासी बड़ी संख्या में शामिल होकर श्रद्धांजलि अर्पित की।

# लक्ष्य बनाकर चलने से मिलती है सफलता

## शाउमावि मगरलोड में मनाया गया शाला प्रवेशोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड



शासकीय उच्चतर माध्यमिक एवं शासकीय अंग्रेजी माध्यम माध्यमिक शाला मगरलोड में सयुंक्त रूप से शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। बालिकाओं द्वारा सरस्वती वंदना तथा स्वागत गीत की मनमोहक प्रस्तुति हुई। संस्था के वरिष्ठ व्याख्याता हेमन्त कुमार दृढ़ाकर ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया। अतिथियों ने नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं के मस्तक पर गुलाल लगाकर स्वागत किया। मिठाई खिलाकर मुंह मीठा कराया। शासन द्वारा प्रदान की गई निशुल्क पाठ्य पुस्तकें एवं गणवेश का वितरण किया गया।

यह आयोजन संत लखन साहेब कबीर आश्रम भैंसमुंडी के मुख्य आतिथ्य, रूक्मणि सिन्हा उपाध्यक्ष नगर पंचायत मगरलोड की अध्यक्षता में हुआ। विशेष अतिथि तिजेश्वरी साहू पार्षद वार्ड क्रमांक दस, दुर्गा साहू पूर्व पार्षद, एनआर साहू रिटायर्ड विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, व्हीएल साहू रिटायर्ड व्याख्याता, साहित्यकार पुनुराम साहू, मंशाराम साहू अध्यक्ष शाला प्रबंधन एवं विकास समिति, गुलशन कुमार साहू अध्यक्ष शाला प्रबंधन समिति माध्यमिक विभाग, कमलेश मार्कण्डेय, तुलाराम टण्डन, लोमन यादव, सदस्य प्रबंधन समिति तथा विनोद अग्रवाल पूर्व छात्र थे।

मुख्य अतिथि ने बच्चों को लक्ष्य बनाकर निरन्तर आगे बढ़ते हुए अपने सर्वांगीण विकास करने की बातें कही। अध्यक्षता कर रही सिन्हा ने गुरुओं के सम्मान तथा विद्यालयीन अनुशासन में रहकर स्वयं को साबित करने की बातें कही गई। विशिष्ट अतिथि एनआर साहू ने शाला प्रवेश उत्सव मनाने की आवश्यकता तथा उपादेयता पर प्रकाश डाला। प्रभारी प्राचार्य आत्माराम साहू ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन हेमन्त कुमार रजक व्याख्याता ने किया। मौके पर सियाराम कुर्रे, मिथिलेश सिंह, विकास कंवर, लक्ष्मीनाथ साहू, रामेश्वर साहू, लवेश गुप्ता, भोजपाल साहू व्याख्याता तथा बीरेन्द्र कुमार साहू प्रधानपाठक, गीतांजलि साहू, दुर्गा ध्रुव, अर्चना सोनवर्षा शिक्षक, मेषराम सेन संकुल समन्वयक, चन्द्रिका ठाकुर, यमुना साहू, मुकेश पटेल, पार्वती यादव, हेमलता बाई ध्रुव मौजूद रहे।



## सरगी स्कूल में मनाया गया प्रवेश उत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड

शाउमावि सरगी में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। कक्षा 9वीं के नवप्रवेशित विद्यार्थियों को गुलाल लगाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खूबलाल साहू अध्यक्ष एसएमडीसी रहे। नवप्रवेशित विद्यार्थियों को शासन द्वारा प्रदत्त निःशुल्क पाठ्य पुस्तक का वितरण किया गया। अध्यक्ष खूबलाल साहू ने बच्चों को अनुशासन में रहकर और विद्यालय के नियमों का पालन करने का प्रेरित किया। संस्था प्रमुख के.कंवर द्वारा निरंतर अध्ययन एवं लक्ष्य निर्धारण कर शिक्षा ग्रहण करने पर जोर दिया गया। इस अवसर पर हरिविनायक सिन्हा सरपंच सरगी, भानसिंह ध्रुव, इंद्रमण, कुंती साहू, रीतू साहू, टेकराम साहू, भेखूराम साहू शिक्षक एमके अडिल, के. गंगासागर ,जीके देवांगन, जीएस कश्यप, लता ध्रुव, उमा ध्रुव, आरएल निषाद, निर्मला आजाद, माधुरी वर्मा, दीपक वर्मा, पिंकी मरकाम उपस्थित थे।

# कुरूद विधानसभा में विकास कार्यों की गति नहीं रूकेगी



हरिभूमि न्यूज ⏭जीजामगांव

- कुरूद विधायक ने बिरेझर एवं मुल्ले में ग्रामीणों की समस्याओं से रूबरू हुए

जनसंपर्क अभियान के तहत विधायक कुरुद अजय चंद्राकर सीधे जनता से संवाद कर रहे हैं। इसी तारतम्य में 28 जून को ग्राम बिरेझर एवं मुल्ले के ग्रामीणों की समस्याओं से रूबरू हुए। समस्याओं का तत्काल निराकरण करने का प्रयास किया गया।

इस अवसर पर विधायक ने कहा कि कुरूद विधानसभा क्षेत्र में किसी भी प्रकार के विकास में कमी नहीं होगी। चाहे वह सड़क निर्माण, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार के मामले हो। प्रत्येक पंचायत को वाई-फाई से जोड़ा गया है। पंचायत में जाकर प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी कर सकते हैं। कार्यक्रम में गौकरण साहू उपाध्यक्ष जिला पंचायत धमतरी, पुष्पेंद्र साहू सिर्री मंडल प्रभारी, जीवन साहू सह प्रभारी, डॉ लोकेश साहू सिर्री मंडल अध्यक्ष, गौरव भोसले महामंत्री, थानेश्वर तारक महामंत्री, नेहा साहू सरपंच बिरेझर, पूजा साहू सरपंच दरबा, जयश्री डहरिया सरपंच मुल्ले, देवचरण चंद्राकर सरपंच जीजामगांव, डॉ संतोष साहू, गंगा साहू जनपद सदस्य, ललिता भतपहरी जनपद सदस्य, शुभमदास बघेल, मनीष साहू, प्रवीण मोर्खे सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### मन की बात कार्यक्रम से मिलती है प्रेरणा

कुरुद विधानसभा के ग्राम मुल्ले में विधायक अजय चंद्राकर ने कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात के 135वें संस्करण को सुना। सिर्री मंडल अंतर्गत ग्राम मुल्ले में विधायक अजय चंद्राकर ने कार्यकर्ताओं और क्षेत्रवासियों के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रेडियो कार्यक्रम मन की बात सुनी। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री ने आत्मनिर्भर भारत, स्वदेशी रक्षा, विमानन क्षेत्र, योग, पर्यावरण संरक्षण, भारतीय ज्ञान परंपरा और वोकल फॉर लोकल जैसे विषयों पर अपने विचार साझा किए। श्री चंद्राकर ने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से देशवासियों को प्रेरणा और सकारात्मक दिशा मिलती है। प्रधानमंत्री के विचार आत्मनिर्भर भारत और विकसित भारत के लक्ष्य को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

## शाकवि. को मिले 8 आधुनिक कक्ष व सुविधाएं

# कुरुद में छात्राओं के लिए नई सौगात

- गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए बेहतर बुनियादी ढांचा आवश्यक : चंद्राकर

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद





शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुरुद में छात्राओं को बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल हुई है। विद्यालय परिसर में नवनिर्मित 8 आधुनिक कमरों और एक सर्वसुविधायुक्त शौचालय परिसर का लोकार्पण किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कुरुद विधायक अजय चंद्राकर व विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत उपाध्यक्ष गौकरण साहू और नगर पालिका अध्यक्ष ज्योति चंद्राकर रहे। यह नवीन भवन निर्माण कार्य सामाजिक संस्था राउंड टेबल इंडिया के सहयोग से रायपुर कैपिटल राउंड टेबल 241 द्वारा कराया गया है। दिसंबर 2024 में शुरू हुई यह परियोजना रिकॉर्ड समय में पूरी कर जून 2026 में विद्यालय प्रबंधन को सौंप दी गई।

इस अवसर पर विधायक अजय चंद्राकर ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए बेहतर बुनियादी ढांचा (अधोसंरचना) बेहद आवश्यक है। नए कमरों और स्वच्छता सुविधाओं से छात्राओं को एक सुरक्षित, सुविधाजनक और प्रेरणादायी माहौल मिलेगा, जिसका सीधा सकारात्मक प्रभाव उनकी पढ़ाई और भविष्य पर पड़ेगा। राउंड टेबल इंडिया के प्रतिनिधियों ने बताया कि उनकी संस्था सरकारी स्कूलों में अधोसंरचना विकास, शिक्षा के स्तर को सुधारने और सामाजिक उत्थान के लिए लगातार समर्पित भाव से कार्य कर रही है। इन अतिरिक्त सुविधाओं से बेटियों को शिक्षा के लिए बेहतर माहौल मिल सकेगा।

कार्यक्रम में संस्था के अध्यक्ष अक्षत टंडन, प्रतीक बेरीवाल, सचिव नैतिक पारेख, कोषाध्यक्ष गौरव वाधवानी सहित राष्ट्रीय व क्षेत्रीय पदाधिकारी, विद्यालय परिवार और स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि यह प्रयास छात्राओं के सर्वांगीण विकास में मील का पत्थर साबित होगा।



## खबर संक्षेप



### बच्चों को दी गई पोलियो की खुराक

**डांडेसरा।** राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का आयोजन उपस्वास्थ्य केन्द्र डांडेसरा में हुआ। इस दौरान ग्राम के 0 से 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई गई। अभियान का मुख्य उद्देश्य 0 से 5 वर्ष तक के प्रत्येक बच्चे को गंभीर बीमारी से सुरक्षित रखना है। मौके पर सरपंच खुमेश्वरी साहू, आरएचओ नमिता महतो, टिकेश्वर साहू, मितानिन बिन्दु साहू, कुंती नेताम, परागा साहू, शिवकुमारी दीवान उपस्थित थे।

### जामली स्कूल में धूमधाम से मना शाला प्रवेशोत्सव



**मगरलोड।** शासकीय प्राथमिक शाला जामली में शाला प्रवेशोत्सव धूमधाम से मनाया गया। अतिथियों ने नवप्रवेशी बच्चों का चंदन लगाकर एवं खीर-पूड़ी खिलाकर स्वागत किया। पाठ्य पुस्तकें भी प्रदान की गईं। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सरपंच श्रीमती अनीता लहरे थीं। अध्यक्षता नेमसिंह ध्रुव अध्यक्ष शाला प्रबंधन एवं विकास समिति ने की। विशिष्ट अतिथि विकासखंड शिक्षाधिकारी मगरलोड मनीष ध्रुव, बीआसीसी तामेश्वर ठाकुर थे। अतिथियों ने अपने विचार रखे। मौके पर कोमल ध्रुव पंच, नीलकमल ध्रुव पंच, संतोषी मार्कण्डेय पंच, कांति साहू पंच, टिकेश्वरी सिन्हा, चेतन साहू तथा योगेश्वरी नगारची, भुनेश्वरी ध्रुव, एस्तर ध्रुव, मैना ध्रुव, प्रमिला साहू, रोहिणी ध्रुव, पुनई बाई ध्रुव रसोईया, खेमिन बाई ध्रुव सहायिका, बसंती सिन्हा सहायक शिक्षिका, रेखा साहू सहायक शिक्षिका, स्वीपर शिव साहू उपस्थित थे। आभार व्यक्त प्रधानपाठक डेवेश साहू ने किया।

### गोपेन्द्र का इंडियन आर्मी में चयन, दी विदाई



**सिर्री।** ग्राम भैंसमुंडी (नारी) निवासी गोपेन्द्र साहू पिता युवराज साहू का चयन इंडियन आर्मी में हुआ है। वे ट्रेनिंग के लिए 27 जून को हैदराबाद के लिए रवाना हुए। उन्होंने बताया कि देश सेवा ही उनके जीवन का उद्देश्य है। विदाई देने से पहले गोपेन्द्र का सम्मान किया गया। मौके पर सरपंच ओमप्रकाश यादव, दिनेश साहू , हरिश्चंद्र, कुलीबाई डॉ. भानू साहू, अमन, दुर्गेश, छोटे, गौरव, विकास, मोहन साहू, विश्राम, जागेश्वर, हेमनाथ, केदार समेत ग्रामीणजन शामिल हुए।

### तालाब में बन रही पचरी का नपं अध्यक्ष ने किया निरीक्षण



**अंवरी।** नगर पंचायत क्षेत्र के तालाब में निर्माणाधीन पचरी कार्य का नगर पंचायत अध्यक्ष ज्योति जैन ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्माण कार्य की प्रगति का जायजा लिया तथा ठेकेदार एवं संबंधित कर्मचारियों को गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं करने के निर्देश दिए। अध्यक्ष ज्योति जैन ने कहा कि नगरवासियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना नगर पंचायत की प्राथमिकता है। उन्होंने निर्माण कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप एवं समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान विधायक प्रतिनिधि हरख जैन, सभापति भूपेश्वरी चंदेल, सभापति हितेंद्र साहू, चक्र सुदर्शन चंदेल, नम्मूलाल साहू सहित अन्य उपस्थित थे।

---

पूर्व मुख्यमंत्री बघेल से जल, जंगल, जमीन संघर्ष समिति ने की मुलाकात

# विधानसभा में गूंजेगा 60 गांवों की बदहाली का मुद्दा

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



जिला प्रशासन के उदासीन रवैये और वन विभाग की कथित तानाशाही से परेशान जल, जंगल, जमीन संघर्ष समिति ने अब पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से गुहार लगाई है। धमतरी कलेक्ट्रेट के घेराव के बाद भी समस्या का समाधान न होने पर समिति का प्रतिनिधिमंडल शुक्रवार को रायपुर स्थित पूर्व सीएम के निवास पहुंचा और घंटों चर्चा की।

प्रतिनिधिमंडल ने पूर्व मुख्यमंत्री को बताया कि सीतानदी-उदंती टाइगर रिजर्व अभयारण्य क्षेत्र में आने वाले 60 से अधिक ग्राम आजादी के 78 साल बाद भी सड़क, पुल-पुलिया, बिजली और पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाओं के लिए तरस रहे हैं। गांवों में सोलर लाइट तक नहीं है। समिति के प्रमुख मनोज साक्षी ने आरोप लगाया कि उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के वन मंडलाधिकारी के तानाशाही रवैये के कारण केंद्र और राज्य सरकार की योजनाएं गांवों तक नहीं पहुंच पा रही हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत स्वीकृत मकान, आंगनबाड़ी भवन निर्माण और छोटे पुल-पुलिया के काम पर वन विभाग द्वारा लगातार रोक लगाई जा रही है। फॉरेस्ट क्लीयरेंस के नाम पर ग्रामीणों को सालों से परेशान किया जा रहा है। सबसे गंभीर मामला नगरी ब्लॉक के जैतपुरी गांव का सामने आया। प्रतिनिधिमंडल ने बोराई सिविल अस्पताल की दुर्दशा का मुद्दा भी जोर-शोर से उठाया। बताया कि यह अस्पताल पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के कार्यकाल में क्षेत्र की जनता की मांग पर खोला गया था। लेकिन यह अस्पताल केवल रेफर सेंटर बनकर रह गया है। यहां डॉक्टरों की कमी, जरूरी मशीनें बंद और दवाइयों का अभाव है। गंभीर मरीजों को 80 किमी दूर धमतरी रेफर करना पड़ता है,

पूर्व सीएम से मुलाकात करने वालों में मनोज साक्षी पूर्व जिला पंचायत सदस्य, सिरधन सोम जनपद सदस्य, नरेश मांझी सरपंच, सुरेंद्र नेताम सरपंच, चंद्र कुमार अग्रवाणी, सुरेंद्र नेताम, राजेश सामरथ, गुमान सामरथ, गजेंद्र सामरथ, डोमार नेताम सहित नगरी-सिहावा क्षेत्र के दर्जनों ग्रामीण शामिल थे।

### पूर्व सीएम का तत्काल एक्शन, कलेक्टर को किया फोन

जल जंगल जमीन संघर्ष समिति के सभी सदस्यों ने एक-एक कर अपनी पीड़ा बताई। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने पूरे मामले को गंभीरता से सुना। उन्होंने प्रतिनिधिमंडल के सामने ही कलेक्टर को फोन लगाकर तीनों मुद्दों पर नाराजगी जताई और तत्काल वस्तुस्थिति से अवगत कराने को कहा। भूपेश बघेल ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि आदिवासी अंचल की उपेक्षा किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। श्री बघेल ने कहा कि आगामी विधानसभा सत्र में इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाऊंगा और सरकार से जवाब मांगूंगा।

## पोटियाडीह में हर्षोल्लास से मना शाला प्रवेशोत्सव



**धमतरी।** शासकीय नवीन प्राथमिक शाला नयापारा पोटियाडीह में शाला प्रवेशोत्सव उत्साहपूर्वक मनाया गया। नवप्रवेशी विद्यार्थियों का तिलक लगाकर, गणवेश, कॉपी-पेन भेंट कर एवं मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर पिछले सत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। अतिथियों ने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बच्चों को नियमित अध्ययन के लिए प्रेरित किया। स्वसहायता समूह की महिलाओं ने बच्चों के लिए खीर-पूरी का भोजन तैयार किया। प्रधानपाठक श्रीमती योगेश्वरी साहू एवं शिक्षिकाओं श्रीमती दानेश्वरी गंगेश और श्रीमती देवकी ध्रुव ने विद्यार्थियों व अभिभावकों को नियमित उपस्थिति एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का संदेश दिया। कार्यक्रम में ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष शिशुपाल जांगड़े, प्रेम सोनवानी, विद्यालय प्रबंधन समिति के पदाधिकारी व पालकगण उपस्थित थे।

# साइकिल, पाठ्य सामग्री, गणवेश पाकर बच्चों के खिले चेहरे

- भानपुरी में हुआ विकासखण्ड स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



शासकीय माध्यमिक शाला परिसर भानपुरी में विकासखण्ड स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया। निःशुल्क पाठ्य पुस्तक, गणवेश और साइकिल प्रदान की गई।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि विधायक ओंकार साहू ने किया। अतिथियों ने नवप्रवेशी विद्यार्थियों का तिलक लगाकर ,मिठाई खिलाकर, पुष्पमाला पहनाकर आत्मीय स्वागत किया। इस अवसर पर विधायक श्री साहू ने कहा कि विद्यालय में अध्यापन कर विद्यार्थी न केवल प्रतिष्ठित पद प्राप्त करते हैं, बल्कि अच्छे संस्कारवान एवं अनुशासित व्यक्तित्व का निर्माण भी करते हैं। महापौर रामू रोहरा ने कहा कि शिक्षा से ही हर व्यक्ति का जीवन प्रकाशवान होता होता है। शिक्षा का जीवन में अमूल्य योगदान है। पूर्व विधायक रंजना साहू ने कहा कि शिक्षा शेरनी का दूध है, जो पीता है दहाड़ता है। जिला पंचायत सदस्य कविता बाबर, जपं सदस्य अमन अग्रवाल, सरपंच ईश्वर साहू ने भी शिक्षा के महत्व पर विचार व्यक्त किये। धमतरी बीईओ लीलाधर चौधरी ने कहा कि शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम का उद्देश्य नवप्रवेशी विद्यार्थियों को शिक्षा के प्रति जागरूक रखना ही नहीं है, बल्कि बेहतर शिक्षा के लिए शासन की योजनाओं के माध्यम से बच्चों को हरसंभव साधन सुगमता से उपलब्ध कराना है।

# दोनर पुल बचाने अवैध रेत खनन पर लगे रोक

- महानदी में लगातार उत्खनन से पुल की नींव पर मंडरा रहा खतरा
- ग्रामीणों ने की तत्काल कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



महानदी में लगातार हो रहे अवैध रेत उत्खनन के कारण ग्राम दोनर स्थित पुल पर गंभीर खतरा मंडराने लगा है। पुल के आसपास अत्यधिक खुदाई किए जाने से इसकी नींव कमजोर होने की आशंका जताई जा रही है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यदि समय रहते प्रशासन और संबंधित विभाग ने ठोस कदम नहीं उठाए, तो पुल को गंभीर क्षति पहुंच सकती है, जिससे क्षेत्र के हजारों लोगों का आवागमन प्रभावित होगा।

जानकारी के अनुसार धमतरी जिले की महानदी एवं दोनर क्षेत्र में अवैध रेत खनन और परिवहन के मामलों में समय-समय पर प्रशासनिक कार्रवाई की खबरें सामने आती रही हैं। इसके बावजूद पुल के आसपास रेत उत्खनन पूरी तरह नहीं रुक पाया है, जिससे लोगों में चिंता बढ़ती जा रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि अधिकारियों की उदासीनता और प्रभावी निगरानी के अभाव में रेत माफियाओं के हौसले बुलंद हैं। भारी मशीनों और वाहनों के माध्यम से लगातार हो रहे उत्खनन से नदी की प्राकृतिक संरचना प्रभावित हो रही है, जिसका सीधा असर पुल की सुरक्षा पर पड़ सकता है।

स्थानीय जनप्रतिनिधियों और नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि पुल की तत्काल तकनीकी जांच कराई जाए। उसकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं तथा पुल के आसपास होने वाले अवैध रेत खनन और परिवहन पर सख्ती से रोक लगाई जाए। उनका कहना है कि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो भविष्य में बड़ी दुर्घटना से इनकार नहीं किया जा सकता।



# गंगाजल, पंचगव्य और पवित्र जल से हुआ शिवाजी महाराज का राज्याभिषेक

- छत्रपति शिवाजी महाराज उत्सव समिति ने मनाया राज्याभिषेक उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

छत्रपति शिवाजी महाराज उत्सव समिति द्वारा छत्रपति शिवाजी चौक में शिवाजी महाराज के राज्याभिषेक दिवस का आयोजन किया गया। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पंडितों की टीम ने गंगाजल, पंचगव्य और पवित्र जल से छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा का विधि-विधान से राज्याभिषेक कराया। इसके बाद प्रतिमा को पुष्पमाला से सजाकर आरती की गई।

मुख्य वक्ताओं ने कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज केवल एक महान योद्धा ही नहीं, बल्कि दूरदर्शी शासक, कुशल रणनीतिकार और राष्ट्रभक्ति के प्रतीक थे। उन्होंने हिन्दवी स्वराज्य की स्थापना कर विदेशी सत्ता के सामने स्वाभिमान और आत्मगौरव का संदेश दिया। सीमित संसाधनों और कम सैनिकों के बावजूद उन्होंने गुरिल्ला युद्ध नीति से अनेक युद्ध जीते। महिलाओं को मातृशक्ति का सम्मान देना, गौ संरक्षण, मंदिरों की रक्षा तथा प्रजा के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देना उनके शासन की विशेषता थी। उनका जीवन साहस, त्याग, न्याय और राष्ट्र समर्पण की प्रेरणादायी गाथा है।

### महापुरुषों के आदर्शों पर चलने का लिया संकल्प

कार्यक्रम में उत्सव समिति के अध्यक्ष, पदाधिकारी एवं सदस्यों ने कहा कि समाज तभी मजबूत बनता है, जब वह अपने इतिहास और महापुरुषों के आदर्शों को याद रखता है। वक्ताओं ने युवाओं से छत्रपति शिवाजी महाराज के साहस, अनुशासन, राष्ट्रभक्ति और समाज सेवा के आदर्शों को अपनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में नगर के वरिष्ठ नागरिक, युवा संगठन, महिला संगठन, सामाजिक कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में धर्मप्रेमी उपस्थित थे।

## अंचल की खबरें

### निगम सभापति ने बच्चों को पिलाई पोलियो की खुराक

**धमतरी।** राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के तहत सोरिद वार्ड के तीनों आंगनबाड़ी केंद्रों में 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई गई। इस अवसर पर नगर पालिक निगम की सभापति कौशिल्या देवांगन ने बच्चों को पोलियो की दो बूंद पिलाकर अभियान का शुभारंभ किया। सभापति श्रीमती देवांगन ने कहा कि दो बूंद जिंदगी की प्रत्येक बच्चे के स्वस्थ और सुरक्षित भविष्य के लिए बेहद आवश्यक है। पोलियो जैसी गंभीर बीमारी से बच्चों की सुरक्षा के लिए अभिभावकों का सहयोग जरूरी है। इस दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी, जनप्रतिनिधि एवं अभिभावक उपस्थित थे।



### रत्नाबांधा में पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ

**धमतरी।** ग्राम पंचायत रत्नाबांधा के आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 2 में राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथि जनपद सदस्य कीर्तन मीनपाल ने शून्य से पांच वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाकर अभियान की शुरुआत की। स्वास्थ्य विभाग की टीम, मितानिनों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणों की उपस्थिति में पोलियो उन्मूलन के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में मितानिन आरती मीनपाल, कोटवार भूपेंद्र नेताम, ओंकार कुमार, मुराद सहित बच्चों के अभिभावक मौजूद रहे। जनपद सदस्य कीर्तन मीनपाल ने कहा कि बच्चे देश के भविष्य हैं और उनका स्वस्थ रहना सभी की जिम्मेदारी है। भारत ने सामूहिक प्रयासों से पोलियो पर विजय प्राप्त की है, लेकिन इस उपलब्धि को बनाए रखने के लिए हर बच्चे तक पोलियो की खुराक पहुंचाना आवश्यक है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और मितानिनों ने क्षेत्र के सभी पात्र बच्चों को शत-प्रतिशत पोलियो की खुराक पिलाने का संकल्प लिया।



### बच्चे को पोलियो की दो बूंद अवश्य पिलाएं : हिमानी

**धमतरी।** राष्ट्रव्यापी पल्स पोलियो अभियान अंतर्गत लाल बगीचा वार्ड क्रमांक 03 की पार्षद श्रीमती हिमानी साहू ने सक्रिय सहभागिता निभाते हुए वार्ड में घर-घर जाकर अभिभावकों को जागरूक किया तथा 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की दो बूंद पिलाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पोलियो की दो अमृत बूंदें प्रत्येक बच्चे के स्वस्थ, सुरक्षित एवं उज्ज्वल भविष्य की मजबूत सुरक्षा कवच हैं। उन्होंने सभी माता-पिता से अपील की कि अपने 5 वर्ष तक के प्रत्येक बच्चे को पोलियो की खुराक अवश्य पिलाएं, ताकि हमारा समाज पूर्णतः पोलियो मुक्त भारत के संकल्प को साकार कर सके। इस अभियान में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती दुर्गेश नंदिनी साहू, नीतू चौरे, सहायिका भारती साहू, वार्ड मितानिन स्वीकृति महिलांगे, वर्षा श्रीवास्तव, गीता शर्मा सहित अन्य कार्यकर्ता एवं वार्डवासी उपस्थित थे।



### बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई गई

**धमतरी।** नगर पालिक निगम धमतरी के वार्ड क्रमांक 15 में राष्ट्रीय पोलियो दिवस के अवसर पर बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई गई। पार्षद कोमल सार्वा ने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि पोलियो जैसी गंभीर बीमारी से बच्चों की सुरक्षा के लिए प्रत्येक बच्चे को समय पर पोलियो की दो बूंद अवश्य पिलाएं। स्वस्थ और सुरक्षित भविष्य के लिए टीकाकरण ही सबसे प्रभावी उपाय है। किसी भी बच्चे को इस अभियान से वंचित न रहने दें। जनसहभागिता से ही पोलियो मुक्त भारत का सपना साकार होगा। स्वास्थ्य कर्मियों ने अभिभावकों को नियमित टीकाकरण के महत्व की जानकारी दी। 0 से 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई गई।



### शिक्षा ही बेहतर भविष्य की सबसे मजबूत नींव

**धमतरी।** विकासखंड स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन ग्राम पंचायत भानपुरी में हुआ। अतिथि जनपद पंचायत धमतरी के सभापति अग्रवाल साहू ने नवप्रवेशी विद्यार्थियों का मुंह मीठा कराकर स्वागत किया तथा पाठ्यपुस्तकों का वितरण किया। इस अवसर पर पात्र छात्र-छात्राओं को साइकिलें भी प्रदान की गईं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अग्रवाल साहू ने विद्यार्थियों को मन लगाकर पढ़ाई करने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही बेहतर भविष्य और सफल करियर की सबसे मजबूत नींव है। उनका कहना था कि खेल बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं तथा अनुशासन, आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता का विकास करते हैं।




गेहूं, चावल और चना दाल 6 व हल्दी एवं धनिया की पिसाई 25 रुपये में होगी

# 1 जुलाई से चक्की और हालर की नई पिसाई दरें होंगी लागू

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी




ग्रामीण एवं शहर चक्की व हालर संघ धमतरी की बैठक देव आटा चक्की में आयोजित की गई, जिसमें सर्वसम्मति से संघ के पदाधिकारियों का कार्यकाल यथावत रखने का निर्णय लिया गया। बैठक में संरक्षक भगवान दास चावला, अध्यक्ष सचिन गुप्ता, उपाध्यक्ष हंसराज मूलवानी, सचिव बाबूलाल यदु, सहसचिव सोनू वाधवानी तथा कोषाध्यक्ष रमेश देव को पूर्ववत जिम्मेदारी सौंपी गई। बैठक में बढ़ती महंगाई, बिजली दरों में हुई वृद्धि तथा मशीनरी और स्पेयर पार्ट्स की लागत बढ़ने पर चर्चा हुई। अध्यक्ष सचिन गुप्ता ने कहा कि वर्ष 2021 से लागू शुल्क में लंबे समय से कोई बदलाव नहीं किया गया था। सभी सदस्यों की सहमति से पिसाई शुल्क में सीमित वृद्धि करने का निर्णय लिया गया।

नई दरों के अनुसार गेहूं, चावल और चना दाल की पिसाई 6 रुपये प्रति किलो होगी। मक्का, मल्टीग्रेन, पापड़ आटा, ज्वार, बाजरा और रागी के लिए 10 रुपये प्रति किलो निर्धारित किए गए हैं। हल्दी एवं धनिया की पिसाई 25 रुपये तथा मिर्च और गरम मसाला 30 रुपये प्रति किलो में किया जाएगा। धान कुटाई के लिए हालर से 50 रुपये प्रति कट्टा और मिनी मिल से 60 रुपये प्रति कट्टा शुल्क तय किया गया है। तेल पेराई 15 रुपये प्रति किलो, इडली-दोसा व गीली दाल की पिसाई 20 रुपये प्रति किलो तथा मिर्च, अदरक, लहसुन, टमाटर की पिसाई 25 रुपये प्रति किलो होगी। काजू, बादाम सहित अन्य सूखे मेवों की पिसाई के लिए 30 रुपये प्रति किलो शुल्क निर्धारित किया गया है। सचिव बाबूलाल यदु ने बताया कि नई पिसाई दरें 1 जुलाई से प्रभावी होंगी।

